<u>संदेश</u>

रामनवमी के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

भगवान श्री राम के अवतरण के शुभ अवसर के सम्मान में मनाया जाने वाला रामनवमी का यह त्योहार हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम विनम्रता, धैर्य और पराक्रम का सर्वश्रेष्ठ आदर्श हैं। प्रभु श्री राम ने निस्वार्थ सेवा, वचन के प्रति अडिग प्रतिबद्धता और मित्रता के उच्चतम मानक स्थापित किए हैं। रामनवमी का पर्व हमारे शाश्वत मूल्यों पर मनन करने का अवसर भी है।

आइए, हम भगवान श्री राम के जीवन मूल्यों को आत्मसात करें और एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लें जहां 'राम राज्य' के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति का जीवन

गरिमापूर्ण हो तथा विकास की धारा सभी के जीवन में प्रवाहित होती रहे।

****